हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 31 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 10 दिसंबर से 16 दिसंबर 2021


# VACANCY VACANCY

## ICON OPTICAL GALLERY



**Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.**

**Note : Must Have Computer Operating Knowledge**

**Contact Us : 9819292152**

*Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053*


murtaza12152@yahoo.com


# ओमिक्रोन से संक्रमित बेंगलुरु के डाक्टर की कोरोना रिपोर्ट फिर पाजिटिव




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट से संक्रमित पाए गए पहले दो मरीजों में से एक बेंगलुरु के डाक्टर की कोरोना जांच रिपोर्ट फिर पाजिटिव आई है। वहीं, नए वैरिएंट से दहशत के बीच 558 दिन यानी डेढ़ साल बाद देश में कोरोना संक्रमण के नए मामले सबसे कम 6,822 सामने आए हैं जिसमें से अकेले केरल से ही 3,277 केस हैं।

सक्रिय मामलों में भी करीब साढ़े तीन हजार की गिरावट दर्ज की गई है। बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि ओमिक्रोन से संक्रमित पाए


## ICON OPTICAL GALLERY

- Buy 2 Prs of prescription Antireflection glasses of Rs 1600/- and get 2 frames free......
- Buy 2 Prs of Blue Cut Antireflection prescription glasses of Rs 1899/- and get 2 frames free......
- Buy 1 Frame or Sunglass & get 1 Frame or Sunglass free Rs 1000/- onwards......
- Branded Frames, Sunglasses & Glasses available with discount.
- We make any Single Vision, Bifocal and Progressive prescription Glasses in 1 or 2 hrs.

9819292152
murtaza12152@yahoo.com

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

# अब नए लुक में दौड़ेगी डेक्कन क्वीन आईसीएफ में नए कोच तैयार



**मुंबई।** देश की सबसे पुरानी लग्जरी ट्रेनों में से एक डेक्कन क्वीन जल्द ही नए लुक के साथ दौड़ेगी। बताया गया है कि डेक्कन क्वीन का अत्याधुनिक एलएचबी-क्लास कोच नए साल में मुंबई पहुंच जाएगा। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में डेक्कन क्वीन के एलएचबी कोचों को तैयार किए जाने का काम किया जा रहा है। कोच के बाहरी हिस्से के साथ इंटीरियर का काम अपने अंतिम चरण में है। नए कोच के साथ डेक्कन क्वीन ट्रेन के जनवरी 2022 में मुंबई में आने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि मुंबई और पुणे के बीच चलने वाली डेक्कन क्वीन ट्रेन 1930 के दशक में शुरू होने पर भारत की सबसे तेज इलेक्ट्रिक ट्रेन थी। 90 वर्षों के बाद भी यह ट्रेन यात्रियों की पहली पसंद बनी हुई है। उधर, मध्य रेलवे ने 22157/22158 सीएसएमटी मुंबई-चेन्नई एग्मोर त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस को दैनिक करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 12 दिसंबर से सीएसएमटी से और 15 दिसंबर से चेन्नई एग्मोर से रोजाना चलेगी। ट्रेन के हाल्ट, समय और संरचना में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# मुंबई में और दो लोगों में मिला ओमिक्रॉन वैरिएंट देश में कुल संख्या पहुंची 23



**मुंबई।** सोमवार शाम मुंबई में और दो लोगों में ओमिक्रॉन वैरिएंट की पुष्टि हुई है। इस संख्या के साथ ही महाराष्ट्र की ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इसके अलावा देश में इस तरह के नए संक्रमण मरीजों की संख्या 23 हो गई है।

खबर के अनुसार,दक्षिण अफ्रीका से लौटा 37 वर्षीय व्यक्ति और उसका 36 वर्षीय अमेरिकी रिटर्न मित्र ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित पाया गया है। यह लगातार दूसरा दिन है जब महाराष्ट्र में ओमिक्रॉन के मामले सामने आए हैं।

मुंबई में नवीनतम मामलों के साथ भारत में अब तक ओमिक्रॉन संक्रमितों की संख्या बढ़कर 23 हो गई हैं। इससे पहले महाराष्ट्र ने ओमिक्रॉन संस्करण के सात और मामले दर्ज किए थे। रविवार को जिन संक्रमितों का पता चला, उनमें से सभी पुणे जिले के थे, छह पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) में और एक पुणे शहर और जिले के ग्रामीण इलाकों में था। इन सात मरीजों में से तीन हाल ही में लागोस गए थे और एक ही परिवार के हैं। दूसरे व्यक्ति ने हाल ही में फिनलैंड की यात्रा की थी। उधर, राजस्थान महाराष्ट्र के बाद रविवार को ओमिक्रॉन संक्रमण की रिपोर्ट करने वाला दूसरा राज्य था। राजस्थान राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि उसने जयपुर में कोरोनावायरस के वायरल संस्करण वाले नौ लोगों का पता लगाया है।

जयपुर में ओमिक्रॉन संस्करण से संक्रमित नौ लोगों में से चार दक्षिण अफ्रीका से लौटे हैं, जहां पहली बार इस प्रकार का पता चला था। पिछले हफ्ते दिल्ली में ओमिक्रॉन वैरिएंट के एक मामले का पता चला था। कर्नाटक में पहले दो मामलों का पता चला, जिसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात में मामले सामने आए।

# कोर्ट ने पूर्व सीएम फडणवीस के खिलाफ आरोप किए तय

## ■ चुनावी हलफनामा मामला



मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ 2014 में चुनावी हलफनामे में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों का कथित रूप से खुलासा नहीं करने की शिकायत के संबंध में यहां की एक अदालत ने आरोप तय किए हैं। कोर्ट ने शनिवार को फडणवीस के खिलाफ आरोप तय किए लेकिन भाजपा नेता ने खुद को निर्दोष बताया है।

अदालत अधिवक्ता सतीश उके की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें चुनावी हलफनामे में आपराधिक मामले का ह्यखुलासा नहीं करने पर फडणवीस के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई है। अदालत ने इस मामले में 24 नवंबर को दोनों पक्षों को सुना था। अदालत ने कहा था कि प्रथम हृष्टया आरोपी (फडणवीस) के खिलाफ अपराध बनता है। उसने यह सुनवाई भी की कि क्या फडणवीस की मौजूदगी जरूरी है। फडणवीस ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 205 के तहत एक आवेदन दायर किया था और अदालत में व्यक्तिगत पेशी से छूट मांगी थी और एक शपथ-पत्र दिया था कि उनके वकील उदय दाबले मौजूद रहेंगे और उनकी ओर से आरोपों का जवाब देंगे।

अदालत ने उनका आवेदन स्वीकर किया था।

# तापमान में गिरावट सर्द की आहट कोहरे की चादर में घिरी मुंबई



**मुंबई।** जलवायु परिवर्तन के कारण बीते दिनों मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई थी। अरब सागर में बने कम दबाव के प्रक्षोभ के कारण यह स्थिति बनी थी। अब इसमें सुधार हुआ है लेकिन तापमान में गिरावट आने के कारण ठंड की आहट मिलने लगी है। मुंबई में धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है।

कल सुबह महानगर के कई इलाकों में कोहरे की चादर बिखरी हुई नजर आई। सुबह में लोग गुलाबी ठंड का लुत्फ उठाते हुए देखे जा रहे हैं। मायानगरी में कल सुबह से ही जलवायु परिवर्तन का असर महसूस किया जा रहा है।

मुंबई में सुबह कोहरे की चादर बिछी देखी जा रही है। सुबह मैदानों में खिलाड़ी, व्यायाम, जॉगिंग और मॉर्निंग वॉक के लिए आनेवाले लोग कोहरे का लुत्फ उठाते देखे जा रहे हैं। मुंबई के पश्चिमी उपनगरों और पूर्वी उपनगरों में भी कोहरा छाया रहा। बीते दिनों बेमौसम बारिश ने मुंबई, ठाणे और पालघर सहित राज्य के कई इलाकों को तरबतर कर दिया था। इसके बाद पारे में कुछ हद तक गिरावट आई है।

# ओमिक्रॉन वायरस रोकने के लिए मनपा प्रशासन तैयार

## भिवंडी मनपा ने कसी कमर



**भिवंडी।** भिवंडी मनपा प्रशासन ने ओमिक्रोन वायरस को लेकर कल ट्रास्क फोर्स की एक आपातकालीन बैठक आयोजित की। इस बैठक में मनपा सभी 15 स्वास्थ्य केन्द्रों के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी तथा सभी प्रभाग समितियों के सहायक आयुक्त मौजूद थें। बैठक के दरमियान मनपा आयुक्त सुधाकर देशमुख ने कहा कि ओमिक्रोन एक नया कोरोना वायरस है और बहुत अधिक तेजी के साथ फैलता भी है। इसके संचरण को रोकने के लिए कोव्हिड वायरस के अनुसार ही सभी को मास्क पहनना, हाथों को सैनिटाइजर करना, सामाजिक दूरी बनाऐ रखना बंधनकारक है। इसके आलावा कोव्हिड संबंधी दिये गये सभी सुझाव व मार्गदर्शन सूचना का पालन करना भी आवश्यक है। जारी कोव्हिड नियमों का पालन नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई किया जायेगा। इसलिए नागरिकों को सहयोग करने की आवश्यकता है। भिवंडी पालिका आयुक्त सुधाकर देशमुख ने सभी नागरिकों को इस प्रकार से आह्वान किया है। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त ओमप्रकाश दिवटे, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कारभारी खरात, विश्व स्वास्थ्य संगठन के भिवंडी समन्वयक डॉ.किशोर चव्हाण, डॉ. वर्षा बारोड चौधरी, भिवंडी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ.उज्जवला बदार्पुरकर, सभी वार्ड अधिकारी और सभी 15 स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दरमियान आयुक्त सुधाकर देशमुख ने कहा कि ओमिक्रोन कोरोना का नया वायरस है और शहर में इसके प्रसार को रोकने के लिए सभी मामलों में तत्काल सावधानी बरती जा रही है। भिवंडी शहर में विदेश से आने वालों से तत्काल संपर्क किया जा रहा है।विदेश से आने वाले नागरिकों को यह पुष्टि करने की आवश्यकता है कि कोरोना परीक्षण नकारात्मक है या नहीं। ओमिक्रॉन के प्रसार को रोकने के लिए टीकाकरण को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इस टीकाकरण से कोव्हिड होता नहीं ऐसा नही है। लेकिन यह गंभीर बीमारी के जोखिम को कम करता है। इसलिए टीकाकरण की तत्काल आवश्यकता है। आयुक्त सुधाकर देशमुख ने भी कहा कि टीकाकरण का पालन किया जाए। कोरोना के मामले में पालिका ने उचित तैयारी की है वह निरंतर जारी रहेगी। इस बीच विदेशी यात्रियों पर फोकस करने के लिए स्टेट कोविड टास्क फोर्स की बैठक ने निर्देश दिया है। जिसके तहत विदेश से आने वाले सभी नागरिक तथा उनसे संपर्क में आने वाले उनके रिश्तेदारों की जांच करना आवश्यक है। जिसकी रिपोर्ट सकारात्मक नहीं होगी उनके लिए घर में विलगीकरण करना आवश्यक है। जो भी नागरिक मनपा प्रशासन का सहयोग नहीं करेंगा उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। भिवंडी में विदेश से आने वाले सभी नागरिकों पर मनपा की नजर है। विदेश से आने वाले नागरिकों को मामले की सूचना पालिका के स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग को देनी होगी। साथ ही टीकाकरण नहीं कराने वालों को सार्वजनिक स्थानों और सरकारी दफ्तरों में जाने पर रोक लगा दी जाएगी। सभी सरकारी कार्यालयों का भी निरीक्षण किया जाएगा कि

# पालघर में २० हजार घरों को मिलेगा पीने का शुद्ध पानी



**पालघर।** जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पालघर जिले के हजारों घरों में पीने का शुद्ध पानी नहीं है। राज्य की महाविकास आघाड़ी सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है और अब जल्द ही क्षेत्र के 20 हजार घरों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

पेयजल संकट से जूझनेवाले पालघर के ग्रामीणों के दर्द को राज्य सरकार ने बखूबी समझा है। इस संकट से लोगों को छुटकारा दिलवाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। जिला परिषद के जल आपूर्ति विभाग द्वारा 39 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत पालघर जिले की आठ तहसीलों के 56 गांवों के 20 हजार 43 घरों में नल से शुद्ध पानी की आपूर्ति की जाएगी। हाल ही में पालक मंत्री दादा जी भुसे ने इन योजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी डॉ. माणिक गुरसल की अध्यक्षता में हुई जलापूर्ति एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धराम सालीमठ और जल एवं स्वच्छता मिशन समिति के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में जलजीवन मिशन के तहत 46 नल जलापूर्ति योजनाओं को 56 गांवों में शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। पालघर जिले के कई इलाकों में आज भी लोगों को पानी लेने के लिए कई किलोमीटर दूर तक चलकर जाना पड़ता है। जलजीवन मिशन के तहत पालघर जिले में वर्ष 2024 तक की योजना तैयार की गई है। इस योजना में 276 योजनाओं में पुनः संयोजन के तहत 333 गांवों को प्रस्तावित किया गया है, इसके माध्यम से 1 लाख 81 हजार नल कनेक्शन प्रस्तावित किए गए हैं। साथ ही 1097 योजनाओं में 716 गांवों का प्रस्ताव है, जिसके तहत से 2 लाख 49 हजार 441 पाइपलाइनों का प्रस्ताव है। इसमें से 270 योजनाओं को जिला परिषद के माध्यम से और 6 योजनाओं को महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के माध्यम से लागू किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि 2024 तक जलजीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में व्यक्तिगत कनेक्शन के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कम से कम 55 लीटर पानी उपलब्ध कराना है। जलजीवन मिशन के तहत इन गावों की किस्मत बदलनेवाली है। पास्ते शामिल हैं। इसी तरह विक्रमगड के वेहेलपाडा, पाटीलपाडा, डोल्हारी बुद्रुक, मोहखुर्द, दादडे अनंतपुर, औंदे, वसई-पारोल, सायवन, माजीवली, हेदवडे, शिरवली तथा पालघर के दहिसर, मनोर, साखरे, वाकसई, वरई सहित अन्य गांव शामिल हैं।

# कांग्रेस की रैली को संबोधित करेंगे राहुल



**मुंबई।** मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप ने कल कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 28 दिसंबर को मुंबई के शिवाजी पार्क में कांग्रेस स्थापना दिवस रैली को संबोधित करेंगे।कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी। 28 दिसंबर तक शहर इकाई लगभग 10 लाख सदस्यों का नामांकन करेगी। पार्टी वे मुंबई के उन सभी 10,000 बूथों पर डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू किया है, जिनके नगर निकाय में 227 वार्ड हैं। कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी कांग्रेस सदस्यता अभियान शुरू किया है जो एक नवंबर से शुरू हुआ है .



# संपादकीय

संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

## ओमिक्रोन का खतरा

कोरोना वायरस के बदले हुए प्रतिरूप ओमिक्रोन से संक्रमित दो मरीजों का कर्नाटक में मिलना चिंता का विषय अवश्य है, लेकिन इसके बाद भी घबराने की जरूरत नहीं। इसलिए नहीं, क्योंकि फिलहाल इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं कि यह कोरोना वायरस कितना घातक है? ओमिक्रोन के बारे में अभी तक जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार यह कहीं अधिक तेजी से लोगों को संक्रमित करता है और युवाओं को अधिक चपेट में लेता है। शायद इसी कारण अभी तक यह 25 से अधिक देशों में फैल चुका है, लेकिन इसी के साथ एक तथ्य यह भी है कि अभी उससे संक्रमित मरीजों की संख्या चार सौ से भी कम हैं इस वायरस की घातकता का पता चलने तक यह आवश्यक है कि उसके संक्रमण से बचे रहने के उपायों पर जोर दिया जाए और इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं कि वैसी स्थिति न बनने पाए, जैसी संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान बनी थी। हालांकि अभी तक ओमिक्रोन से संक्रमित मरीजों में कोई गंभीर लक्षण नहीं दिखे हैं, लेकिन आगे ऐसा होने का अंदेशा है। इसी कारण ओमिक्रोन को दुनिया भर के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन तत्परता का परिचय देकर इस वायरस के बारे में जरूरी जानकारी जल्द हासिल कर उससे दुनिया को अवगत कराए। जानकारी जितनी सटीक होगी, वह संक्रमण से बचाव में उतनी ही सहायक बनेगी। भारत सरकार और विशेष रूप से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रलय को भी अपने स्तर पर वही काम करना होगा, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन से अपेक्षित है। उसे राज्य सरकारों को इसके लिए प्रेरित और प्रोत्साहित भी करना होगा कि वे टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाएं। यह रफ्तार बढ़े, इसकी चिंता आम लोगों और खासकर उन्हें करनी होगी, जिन्होंने अभी तक टीके की एक भी खुराक नहीं ली है। यह ठीक नहीं कि एक बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने टीके की दूसरी खुराक समय पर नहीं ली है। यह खतरनाक लापरवाही है। उन कारणों की तह तक जाकर उनका निवारण करने की जरूरत है, जिनके चलते लोग टीके की दूसरी खुराक लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। राज्य सरकारों को आम लोगों को इसके लिए भी सावधान करना होगा कि वे कोरोना संक्रमण से बचे रहने के उपायों को अपनाने के मामले में ढील न आने दें। इसके साथ ही इस सवाल का जवाब भी खोजा जाना चाहिए कि क्या मौजूदा टीके ही ओमिक्रोन पर प्रभावी होंगे या फिर उनमें कुछ बदलाव करना होगा?

# कांग्रेस को किनारे करने में लगी टीएमसी ममता ने बढ़ाई सोनिया की मुश्किलें

*भले ही कांग्रेस में राहुल और प्रियंका को करिश्माई नेता बताने वालों की कमी न हो, लेकिन सच यही है कि ये दोनों नेता अपनी तमाम सक्रियता के बावजूद कहीं कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं। वास्तव में इसीलिए कांग्रेस तेजी के साथ रसातल में जा रही है। यह कांग्रेस के लगातार कमजोर होते चले जाने का ही कारण है कि उसके नेता अन्य दलों की शरण में जा रहे हैं। यदि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अपने दल को बचाने को लेकर गंभीर हैं तो फिर उन्हें चिट्ठी-पत्री लिखने के अलावा कुछ ठोस कदम उठाने होंगे, क्योंकि इसके कहीं कोई आसार नहीं दिखते कि सोनिया गांधी पार्टी संचालन की कामचलाऊ व्यवस्था को बदलने का कोई इरादा रखती हैं।*



एक अर्से से कांग्रेस को चुनौती दे रहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी मुंबई यात्रा के दौरान राहुल गांधी के विदेश दौरों पर कटाक्ष करते हुए जिस तरह यह कहा कि अब संप्रग जैसा कुछ नहीं रह गया है, उससे यह नए सिरे से स्पष्ट हो गया कि वह खुद के नेतृत्व में भाजपा का विकल्प तैयार करने को लेकर गंभीर हैं। पता नहीं उनकी सक्रियता क्या रंग लाएगी, लेकिन इतना अवश्य है कि कांग्रेस को उनसे चिंतित होना चाहिए।अभी तक विपक्षी एकता की जो भी कोशिश होती रही है, उसमें कहीं न कहीं कांग्रेस भी शामिल रही है। खुद ममता बनर्जी भी ऐसी कोशिश का हिस्सा रही हैं, लेकिन अब वही कांग्रेस को किनारे कर रही हैं। इसका सीधा मतलब है कि वह विपक्षी एकता के मामले में कांग्रेस को अनुपयोगी और अप्रासंगिक मानकर चल रही हैं। यह सामान्य बात नहीं कि एक क्षेत्रीय दल देश के सबसे पुराने राष्ट्रीय दल की अहमियत को इस तरह खारिज करे। यदि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ऐसा कर रही हैं तो इसके लिए एक बड़ी हद तक कांग्रेस ही जिम्मेदार है। वह अपनी दयनीय दशा और बिखराव के लिए अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती।कांग्रेस नेतृत्व ने अपनी दिशाहीन राजनीति से न केवल अपनी पार्टी को कमजोर किया है, बल्कि विपक्ष को भी नुकसान पहुंचाया है।

कांग्रेस को पर्दे के पीछे से चला रहे राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता को लेकर उनके सहयोगी-समर्थक चाहे जो दावा करें, वह हर दृष्टि से निष्प्रभावी हैं। राजनीति में इतना लंबा समय बिताने के बाद भी वह बुनियादी राजनीतिक परिपक्वता हासिल नहीं कर सके हैं। उनके लिए राजनीति का एक ही मकसद है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोसना। उन्होंने सस्ती नारेबाजी को ही राजनीति समझ लिया है। वह न तो कोई विमर्श खड़ा करने की कोशिश करते हैं और न ही विकल्प देने की। कुछ इसी तरह की राजनीति प्रियंका गांधी भी कर रही हैं। भले ही कांग्रेस में राहुल और प्रियंका को करिश्माई नेता बताने वालों की कमी न हो, लेकिन सच यही है कि ये दोनों नेता अपनी तमाम सक्रियता के बावजूद कहीं कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं।

वास्तव में इसीलिए कांग्रेस तेजी के साथ रसातल में जा रही है। यह कांग्रेस के लगातार कमजोर होते चले जाने का ही कारण है कि उसके नेता अन्य दलों की शरण में जा रहे हैं। यदि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अपने दल को बचाने को लेकर गंभीर हैं तो फिर उन्हें चिट्ठी-पत्री लिखने के अलावा कुछ ठोस कदम उठाने होंगे, क्योंकि इसके कहीं कोई आसार नहीं दिखते कि सोनिया गांधी पार्टी संचालन की कामचलाऊ व्यवस्था को बदलने का कोई इरादा रखती हैं।




# 16 दिसंबर से शुरू होगा खरमास, एक माह के नहीं होंगे कोई भी शुभ कार्य

*हिंदू धर्म में कोई भी मांगलिक या धार्मिक अनुष्ठान करने से पहले शुभ मुहूर्त देखा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों और नक्षत्रों की गणना के आधार पर शुभ मुहूर्त का निर्धारण किया जाता है। गौरतलब है कि खरमास में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। खरमास की शुरूआत 16 दिसंबर से होने वाली है। धार्मिक मान्यता के अनुसार खरमास के समय सूर्य की गति ीमी होती है इसलिए कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। सूर्य 16 दिसंबर 2021 (गुरुवार) से धनु राशि में प्रवेश कर रहा है और इस दिन से मलमास की शुरूआत होने वाली है। 14 जनवरी 2022 (शुक्रवार) तक खरमास रहेगा। ज्योतिष के अनुसार 9 ग्रह होते हैं।*

# शाहजहांपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ बोले

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा गंगा एक्सप्रेस वे



**शाहजहांपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ से प्रयागराज के बीच बनने वाला गंगा एक्सप्रेस वे पश्चिमी व पूर्वी उप्र को जोड़ने वाला सबसे बड़ा एक्सप्रेस वे होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देगा। यहां की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को रोजा के रेलवे मैदान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 18 दिसंबर की प्रस्तावित जनसभा व शिलान्यास कार्यक्रम की समीक्षा के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य है कि गंगा के किनारे बनने वाले इस सबसे बड़े एक्सप्रेस वे का प्रधानमंत्री शिलान्यास करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह एक्सप्रेस वे छह लेन बनेगा। भविष्य में इसे बढ़ाकर आठ लेन किया जाएगा। इसे बनाने में 518 ग्राम पंचायतों की चिह्नित 96 फीसद जगह ली जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक्सप्रेस वे नहीं होगा। राज्य की प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के साथ रोजगार सृजन की दृष्टि से काफी अहम होगा। उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रेस वे से जुड़ने वाले अलग-अलग जनपदों में औद्योगिक कलकस्टर विकसित करने की योजना है। यहां जलालाबाद में इमरजेंसी लैडिंग के लिए हवाई पट्टी बनाई जा रही है। इसके अतिरिक्त जगह-जगह पेट्रोल पंप, ढाबा, ट्रामा सेंटर व जनता से जुड़ीं अन्य सुविधाएं भी देंगे। एक्सप्रेस वे पर जो महत्वपूर्ण स्थल हैं। उन पर हेलीपैड की व्यवस्था होगी। ताकि आपात लैंडिंग व एयर एंबुलेंस की व्यवस्था हो सके।

# चोरी की छह बाइकें बरामद, दो आटोलिफ्टर गिरफ्तार



**बहराइच :** रुपईडीहा पुलिस ने आटोलिफ्टर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान इनकी निशानदेही पर चोरी की छह बाइकें भी बरामद की गई हैं। डंप की गई बाइकों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नेपाल बेचने की तैयारी थी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार त्रिपाठी व एसआइ जयहिंद विश्वकर्मा के साथ शुक्रवार देर रात गश्त पर निकले थे। दुविधापुर मोड़ स्थित बाबागंज मार्ग के पास दो संदिग्ध लोग बाइक से आते नजर आए। पुलिस कर्मियों ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो दोनों भागने लगे। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। युवकों की पहचान शातिर आटोलिफ्टर अतीउल्ला उर्फ समीर व अफसर अली निवासी ग्राम समोखन थाना मटेरा के रूप में हुई।

# शराब तस्कर मुर्शीद को पुलिस ने लिया 48 घंटे के रिमांड पर

**पूर्णिया।** बंगाल के शराब तस्कर मुर्शीद को पूछताछ के लिए पुलिस ने दो दिनों के रिमांड पर लिया है। शराब तस्कर मुर्शीद को मंगलवार को न्यायालय ने 48 घंटे पर पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लेने की अनुमति प्रदान कर दी। शराब तस्कर मुर्शीद से पूछताछ के लिए सूबे के सभी 38 जिलों के एसपी को पत्र भेजा गया है की अगर उनके यहां शराब तस्कर मुर्शीद के खिलाफ मामला दर्ज हैं तो वे रिमांड के दौरान अपने मामले से संबंधित जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा जिलों में शराब आपूर्ति मामले में बंगाल कनेक्शन मामले में भी पूर्णिया पहुंची सूबे के कई जिलों की पुलिस उससे पूछताछ करेगी। शराब तस्कर मुर्शीद के खिलाफ सूबे के कई जिलों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है जिसमें पुलिस को उसकी तलाश थी। शराब तस्कर मुर्शीद को मद्य निषेध विभाग की टीम एवं पूर्णिया पुलिस की टीम ने फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार करने में सफलता पायी थी। उससे रिमांड पर पूछताछ के दौरान पटना से आई मद्य निषेध विभाग की विशेष टीम भी मौजूद रहेगी। गौरतलब हो की मुर्शीद ने गिरफ्तारी के बाद बंगाल से शराब की तस्करी के संबंध में कई अहम खुलासे किए हैं। उसके मोबाइल काल डिटेल एवं बैंक खातों की जांच में भी पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगा है। जिसका रिमांड के दौरान पुलिस सत्यापन करेगी। शराब तस्कर ने रिमांड पर लेने के पूर्व शराब की तस्करी के संबंध में जो जानकारी दी है उस जानकारी से पुलिस भी हतप्रभ है। अरूणाचल प्रदेश के नाम भी शराब तस्करी के मामले में जुड़ गया है जिसके नाम पर लाई गयी शराब को बिहार में खपाया जाता था। इसके अलावा बिहार के सभी जिलों में शराब की तस्करी करने वालों के संबंध में भी मुर्शीद ने कई अहम जानकारी दी है।

# प्रियंका ने जारी किया महिला घोषणा पत्र

## सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण का वादा




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बुधवार को पार्टी का महिला घोषणा पत्र जारी किया। इसे शक्ति विधान नाम दिया गया है। घोषणा पत्र को लॉन्च करते हुए प्रियंका ने कहा कि देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार महिलाओं पर केंद्रित घोषणा पत्र जारी किया जा रहा है। घोषणा पत्र को छह हिस्सों में बांटा गया है- स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत। उन्होंने कहा कि आज की महिला लड़ना चाहती है। हमने उसी भावना को ध्यान में रखते हुए इस घोषणा पत्र को बनाया है। प्रियंका वाड्रा ने ऐलान किया कि यूपी में कांग्रेस की सरकार बनी तो सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देंगे। इसके साथ पुलिस विभाग में 25 प्रतिशत महिलाओं को भर्ती करने का वादा भी किया।महिलाओं के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र लॉन्च करते हुए प्रियंका ने कहा कि इससे दूसरे राजनीतिक दलों पर भी दबाव होगा कि महिलाओं की भागीदारी को गंभीरता से लिया जाए। करुणा, दया, आशा महिलाओं का गुण है। ये गुण राजनीति में भी आए। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी इसलिए जरूरी है ताकि महिला सशक्तिकरण केवल कागजों में न रह जाए।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के लाल टोपी के बयान पर अखिलेश यादव बोले- लाल क्रांति और परिवर्तन का रंग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गोरखपुर की रैली से ह्यलाल टोपीह्न वालों को ह्यखतरे की घंटीह्न बताकर यूपी की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी के इस हमले को अपने पक्ष करने की कोशिशों में लग गए हैं। पहले उन्होंने इसे भाजपा के लिए महंगाई को रेड अलर्ट करार दिया। अब बुधवार को उन्होंने कहा है कि भाजपा की यह कोई नई भाषा नहीं है। यूपी के मुख्यमंत्री ने भी पहले ह्यलाल टोपीह्न की बात कही थी। लाल भावनाओं का रंग है और भावनाओं को नहीं समझती।संसद की कार्यवाही में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लाल टोपी के लाल रंग के कारण ही जीवन का अस्तित्व है।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




स्वाभाविक है कि धन के साथ किसी के जीवन में नृत्य न कभी आया है, न आ सकता है। ऊब आती है। इसलिए धनी आदमी को तुम बोअर्ड पाओगे, ऊबा हुआ पाओगे। तुम उसके चेहरे पर गौर करोगे तो तुम पाओगे, वह थका है। उसे विश्राम चाहिए। वह विश्राम कर नहीं सकता; क्योंकि वस्तुएं अभी बहुत बाकी हैं, जो इकट्ठी करनी हैं। धीरे-धीरे कृपण व्यक्ति वस्तुओं जैसा हो जाता है। उसमें और उसकी वस्तुओं में बहुत फर्क नहीं रह जाता। उसके और उसके मकान में बहुत फर्क नहीं रह जाता। क्योंकि प्रेमी एक जैसे हो जाते हैं। इसलिए कभी क्षुद्र से प्रेम मत करना। अन्यथा तुम क्षुद्र हो जाओगे। तुम वही हो जाओगे, जिसको तुम प्रेम करोगे। धन और वस्तुओं का प्रेमी मनुष्यों को घृणा करता है। क्योंकि हर मनुष्य उसके धन के लिए खतरा है। हर मनुष्य और मनुष्य का संबंध उसे भयभीत करता है। क्योंकि मनुष्य के साथ संबंध बनाने का अर्थ होता है, अपने धन में भागीदार खोजना। कृपण, मनुष्यों से बचना चाहता है। **जारी......**

# वजन बढ़ाने के लिए ब्रेकफास्ट में खाएं ये हेल्दी फूड्स

कई लोग अपने कम वजन को लेकर बहुत परेशान रहते हैं। ज्यादा पतला होना भी आपकी सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। इससे आपका इम्युनिटी सिस्टम कमजोर हो सकता है, जिससे आप बहुत जल्दी बीमारी पड़ सकते हैं। इसलिए किसी भी व्यक्ति का फिट रहना बेहद जरूरी है। इसके अलावा बहुत पतले लोग अपनी पर्सनालिटी को लेकर भी बहुत परेशान रहते हैं। कई बार उन्हें शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में सही तरीके से वजन बढ़ाने के लिए आपको सुबह का हेल्दी नाश्ता जरूर करना चाहिए। इसके लिए आप अपने नाश्ते में कुछ खास फूड्स को शामिल कर आसानी से अपना वजन बढ़ा सकते हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानते है गुड़गांव के डाइट क्लीनिक और डॉक्टर हब क्लीनिक में डायटीशियन अर्चना बत्रा से।वजन बढ़ाने के लिए हेल्दी कार्ब्स और कैलोरी से भरपूर नाश्ता लेना बेहद जरूरी होता है। इससे आपके शरीर का वजन भी बढ़ता है और एनर्जी भी मिलती है। कैलोरी से आपके शरीर और दिमाग के काम करने की क्षमता बढ़ जाती है। इसके लिए



आप अपने आहार में सुबह के समय केले की स्मूदी, ब्रेड और कुछ हरी सब्जियां शामिल कर सकते हैं। इससे आपको भरपूर मात्रा में पोष्क तत्व मिलते हैं।

2. डाइट में शामिल करें प्रोटीन
प्रोटीन शरीर के विकास के लिए ही नहीं बल्कि शरीर में हार्मोन्स के नियंत्रण और स्त्राव को भी बढ़ावा देता है। वजन बढ़ाने के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी है। इसके लिए सुबह नाशते में प्रोटीन शेक, पीनट बटर, नट्स, दही-पनीर आदि शामिल करें।

3. ड्राई फूट्स भी है जरूरी
जल्दी वजन बढ़ाने के लिए ड्राई फ्रूट्स भी एक अच्छा विकल्प है। आप सुबह नाश्ते के समय ड्राई फ्रूट्स का सेवन जरूर करें। आप बादाम, किशमिश, अखरोट, खजूर और अंजीर रातभर भिगोकर रख दें। उसके बाद सुबह फ्रेश होने के बाद इनका सेवन करें।

4. विटामिन और मिनरल्स से भरा नाश्ता शरीर को निरोग रखने के लिए विटामिन और मिनरल्स भी बेहद जरूरी है। इससे आपका इम्यून सिस्टम अच्छे से काम करता है और शरीर की कोशिकाओं का भी विकास होता है। इसके लिए आप अपने नाशते में नॉनवेज, डायरी प्रोडेक्ट, फिश ऑयल और स्प्राउट को अपने नाशते में शामिल कर सकते हैं।5. भरपूर पानी लें और एक्सरसाइज करें खाने-पीने के अलावा शरीर के विकास के लिए भरपूर पानी पीना भी बेहद जरूरी है। इससे आपके शरीर का संपूर्ण विकास होता है और शरीर हाइड्रेट भी रहता है।

# कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल संग अपने रिलेशनशिप को कभी नहीं किया कंफर्म

दोनों का रिश्ता भले ही कल ऑफिशियल हो जाएगा, लेकिन इन दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर चुप्पी नहीं तोड़ी है, भले ही कितनी ही खबरें इन्हें लेकर क्यों न सामने आई हों. कैटरीना कैफ का रणबीर कपूर और सलमान खान के संग जो रिश्ता था, वो तो किसी से छिपा नहीं था. रणबीर कपूर संग तो उनकी छुट्टियां बिताते समय कई तस्वीरें भी वायरल हुई थीं. हालांकि, उस वक्त भी कैटरीना ने अपने रिश्ते पर कभी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी. विक्की कौशल संग भी ऐसा ही रहा.

क्यों कैटरीना ने नहीं की विक्की संग अपने रिश्ते की पुष्टि?कैटरीना ने हमेशा विक्की संग अपने रिश्ते को लाइम लाइट से दूर रखने की कोशिश की है. हालांकि, दोनों कई बार एक दूसरे के साथ मुंबई की सड़कों पर स्पॉट जरूर हुए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, कैटरीना ने बहुत ही स्मार तरीके से इस सवाल का जवाब दिया था. कैटरीना कैफ ने इस इंटरव्यू में कहा था कि एक इंसान तब तक सिंगल रहता है, जब तक कि उसकी शादी नहीं हो जाती.



कैटरीना ने दावा किया था कि उनका रिलेशनशिप स्टेटस सिंगल है. इस इंटरव्यू के दौरान कैटरीना ने अपनी बात में यह भी जोडा था कि कैसे उनकी शादी सिर्फ भगवान की मर्जी से होगी. कैटरीना ने कहा था कि, क्या वो मैं नहीं थी जिसने कहा था कि मैं शादी तक सिंगल हूं?

इसलिए हमें हमेशा अपने बयानों पर कायम रहना चाहिए और चूंकि तकनीकी रूप से मेरी स्थिति अविवाहित है, इसलिए मुझे लगता है कि मैं अभी भी सिंगल हूं. अभिनेत्री ने आगे कहा था कि जब भी भगवान चाहेगा. मुझे लगता है कि आपको इन चीजों को अपने भाग्य और भगवान के हाथों में छोड़ देना चाहिए. ईश्वर पर अपना विश्वास और भरोसा बनाए रखें.

# 9 रन पर गिरे 5 विकेट तो गरजा कप्तान का बल्ला




## ताबड़तोड़ फिफ्टी से बोला हल्ला, टीम को दिलाई जीत

**नई दिल्लीः** । ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग 2021 के मुकाबले जारी हैं और बुधवार 8 दिसंबर को सिडनी सिक्सर्स और होबार्ट हरिकेन्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें मौजूदा चैंपियन सिडनी ने मुश्किल हालात से उबरते हुए होबार्ट को 14 रनों के नजदीकी अंतर से हरा दिया. सिडनी की जीत में कप्तान मोजेस हेनरिक्स की पारी का अहम योगदान रहा. पहले बल्लेबाजी कर रही सिडनी की टीम ने सिर्फ 39 रन तक अपने शीर्ष और मध्य क्रम के 5 विकेट गंवा दिए थे. ऐसे में कप्तान हेनरिक्स ने पारी को संभाला और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. उन्होंने सिर्फ 48 गेंदों में 73 रन ठोके, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे. हेनिक्स ने टॉम करन (27 रन, 21 गेंद) के साथ 62 रन की साझेदारी की. सिडनी ने 9 विकेट खोकर 144 रन बनाए.पहले बल्लेबाजी कर रही सिडनी की टीम ने सिर्फ 39 रन तक अपने शीर्ष और मध्य क्रम के 5 विकेट गंवा दिए थे. ऐसे में कप्तान हेनरिक्स ने पारी को संभाला और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. उन्होंने सिर्फ 48 गेंदों में 73 रन ठोके, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे. हेनिक्स ने टॉम करन (27 रन, 21 गेंद) के साथ 62 रन की साझेदारी की. सिडनी ने 9 विकेट खोकर 144 रन बनाए. 3/4जवाब में होबार्ट की शुरूआत बेहद धीमी रही और 8 ओवर में सिर्फ 38 रन बन सके. यहां से टीम के विकेट गिरने लगे. हालांकि, टीम के लिए पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 गेंदों पर 47 रन ठोककर उम्मीद जगाई, लेकिन बाकी बल्लेबाज कोई खास योगदान नहीं दे सके. जवाब में होबार्ट की शुरूआत बेहद धीमी रही और 8 ओवर में सिर्फ 38 रन बन सके. यहां से टीम के विकेट गिरने लगे. हालांकि, टीम के लिए पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 गेंदों पर 47 रन ठोककर उम्मीद जगाई, लेकिन बाकी बल्लेबाज कोई खास योगदान नहीं दे सके. होबार्ट की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर सिर्फ 130 रन ही

# साउथ अफ्रीका दौरे से पहले टीम इंडिया को लगा झटका, जडेजा बाहर, इन खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल



नई दिल्लीः । भारतीय क्रिकेट टीम को साउथ अफ्रीका दौरे से पहले बड़े झटके लगे हैं। टीम के स्टार आल राउंडर रवींद्र जडेजा चोट की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं तो वहीं तीन अन्य खिलाड़ियो चोटिल होने की वजह से दौरे पर जाने को लेकर संशय बना हुआ है। 26 दिसंबर से भारत के साउथ अफ्रीका दौरे की शुरूआत होने जा रही है। भारतीय टीम के चार खिलाड़ी जडेजा, अक्षर पटेल, शुभमन गिल और इशांत चोटिल हैं। साउथ अफ्रीका के अहम दौरे से पहले इन खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम इंडिया के लिए चिंता की बात है। भारत को साउथ अफ्रीका में तीन टेस्ट और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज में खेलना है। ओमिक्रोम वायरस की वजह से पैदा हुई चिंताजनक स्थिति की वजह से टी20 सीरीज के बीसीसीआइ ने फिलहाल स्थगित करने का फैसला लिया हैएक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम के चार खिलाड़ी फिट नहीं हैं। जिन चार खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं उसमें से रवींद्र जडेजा और इशांत न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे। चोट को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबितक जडेजा लिगामेंट टियर से जूझ रहे हैं।

## सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग समेत तमाम क्रिकेट हस्तियों ने सीडीएस बिपिन रावत के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल बिपिन रावत के आकस्मिक निधन पर पूरा देश शोक मना रहा है। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग समेत कई पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों ने इस दुखत घटना पर शोक जताते हुए अपना संवेदना संदेश जारी किया है। तमिलनाडु के कुन्नूर जिले में बुधवार को सीडीएस बिपिन रावत को ले जा रहा सेना का हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत 13 लोगों की मौत हो गई।


# विराट कोहली को हटाया गया, रोहित शर्मा होंगे वनडे टीम के कप्तान




**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा टी-20 के बाद अब भारतीय वनडे टीम के कप्तान भी होंगे। दैनिक जागरण ने दो नवंबर को ही बता दिया था कि विराट की वनडे कप्तानी भी खतरे में है। यही नहीं हमने ही सबसे पहले नौ सितंबर को समाचार लिखा था कि टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआइ विराट को टी-20 की कप्तानी से हटा सकता है। इसको लेकर मुंबई में बीसीसीआइ की बैठक में चर्चा हुई थी। इस खबर के छपने के बाद 16 सितंबर को विराट ने खुद ही विश्व कप के बाद टी-20 फार्मेट की कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। बीसीसीआइ ने लिया फैसला : बीसीसीआइ ने रोहित को वनडे कप्तान बनाने का फैसला ले लिया है। जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो जाएगी। विराट ने बीसीसीआइ से संकेत मिलने के बाद टी-20 विश्व कप की कप्तानी छोड़ दी थी, लेकिन वह वनडे की कप्तानी खुद छोड़ने को तैयार नहीं थे। इसी कारण दक्षिण अफ्रीका के लिए जाने वाली भारतीय टीम की घोषणा में देरी हो रही थी। दक्षिण अफ्रीका के लिए न ही सोमवार और न ही मंगलवार को टीम घोषित हो पाई। बीसीसीआइ के सूत्र ने कहा कि फैसला हो गया है। रोहित ही दक्षिण अफ्रीका में तीन वनडे की सीरीज में टीम के कप्तान होंगे। बुधवार रात को या शुक्रवार को इस पर फैसला हो सकता है। चयनकताओं ने इस पर फैसला ले लेकर बीसीसीआइ को बता दिया है। बीसीसीआइ के पदाधिकारी भी इससे सहमत हैं कि सफेद गेंद के क्रिकेट यानी वनडे और टी-20 का एक ही कप्तान होना चाहिए। एक पदाधिकारी ने कहा कि 2022 में आस्ट्रेलिया में टी-20 और 2023 में भारत में वनडे विश्व कप है।

# पीएम मोदी करेंगे काशी विश्वनाथ मंदिर कारीडोर का उद्घाटन





**मुंबई।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में 13 दिसंबर को होने जा रहा भव्य कार्यक्रम महाराष्ट्र में करीब 800 स्थानों पर सीधा देखा जा सकेगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर कारीडोर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। महाराष्ट्र में इन कार्यक्रमों की बागडोर संभाल रहे महाराष्ट्र भाजपा के उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह कहते हैं कि करीब 300 वर्ष पहले रानी अहिल्याबाई होलकर ने काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरोद्धार करवाया था। उसके बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर परिसर को ऐसा भव्य रूप प्रदान किया है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी इस नाते महाराष्ट्र का काशी विश्वनाथ मंदिर से गहरा नाता है। यहां से हजारों लोग प्रतिवर्ष काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के लिए भी जाते हैं। इसलिए भाजपा ने महाराष्ट्र के सभी 68 जिलों एवं 794 मंडलों में विभिन्न स्थानों पर 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में होने जा रहे भव्य काशी-दिव्य काशी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की है। इसके अलावा महाराष्ट्र में स्थित तीन ज्योतिलिंगों श्री क्षेत्र त्र्यंबकेश्वर, औरंगाबाद स्थित घृष्णेश्वर एवं पुणे स्थित भीमाशंकर सहित राज्य के प्रमुख शिवायलों में भी इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। जिससे सभी शिवभक्त काशी विश्वनाथ प्रांगण के नवनिर्मित स्वरूप के सीधे दर्शन कर सकें।

सिंह के अनुसार महाराष्ट्र के प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर उस क्षेत्र के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं केंद्र सरकार में भाजपा के मंत्री उपस्थित रहेंगे। यदि लोकसभा एवं राज्यसभा में कोई महत्त्वपूर्ण व्हिप न रही तो क्षेत्रीय सांसद भी इन कार्यक्रमों में आएंगे। लेकिन इस धार्मिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम को पार्टी के झंडे-बैनर से दूर रखा जाएगा।

कृपाशंकर सिंह के अनुसार वह स्वयं इस अवसर पर अपनी धर्मपरायण पत्नी मालती सिंह के साथ 12 ज्योतिलिंगों में से एक नासिक स्थित श्री क्षेत्र त्र्यंबकेश्वर में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया है कि चुंकि यह कार्यक्रम देश की सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़ा है, इसलिए महाराष्ट्र की महाविकास आघाड़ी सरकार को भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में न सिर्फ सहयोग देना चाहिए, बल्कि इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।


TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business opportunity for housewives
to become reseller & earn at zero investment

RH 1, C 26 row house number,
Swamy Ayyappam temple road,
Sector. 8, New Mumbai,
Vashi-400 703

Farida Rampurawala :
8898065152




## यूपी में NCP का है सपा को समर्थन

### नवाब मलिक ने कहा- 2024 में बीजेपी को टक्कर देने के लिए विपक्ष को एकजुट करने की तैयारी



**मुंबई।** राकांपा) कार्यसमिति की चर्चा के बारे में बात करते हुए पार्टी प्रवक्ता नवाब मलिक ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान से कहा कि देश के लोग केंद्र में बीजेपी सरकार से ऊब गए हैं और 2024 में बदलाव चाहते हैं. मलिक ने कहा, हम बीजेपी का विकल्प बनाने के लिए कांग्रेस सहित सभी गैर-बीजेपी दलों को एकजुट करने का हरसंभव प्रयास करेंगे.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व), मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प), मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net